

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

A Result Oriented Institute

Since 2011

# 4 April 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI

Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 4 अप्रैल का इतिहास

- **1910 :** दार्शनिक श्री अरबिंदो घोष पांडिचेरी पहुंचे जहां उन्होंने योग और आध्यात्मिक केंद्र खोला।
- **1975 :** बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई।
- **1858 :** ह्यूज रोज के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध करने के बाद झांसी की रानी लक्ष्मीबाई झांसी से निकलकर काल्पी पहुंची और बाद में ग्वालियर की ओर चली गई।

## 4 अप्रैल से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको को अपने एटीएम में लॉक करने योग्य कैसेट का उपयोग करने की समय सीमा 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी है, जिसे नकद पुनः पूर्ति के दौरान एक वर्ष तक स्वैप किया जा सकता है। कल जारी एक अधिसूचना के अनुसार आरबीआई को विभिन्न बैंकों और भारतीय बैंक संघ से समय सीमा हासिल करने में कठिनाई को देखते हुए अभ्यावेदन मिलने के बाद यह निर्णल लिया गया। पहले बैंकों से धीरे-धीरे लॉक करने योग्य कैसेट का उपयोग शुरू करने की उम्मीद की जाती थी, उनके कम से कम एक तिहाई एटीएम 31 मार्च, 2021 तक सुरक्षित थे। बाद में समय सीमा 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दी गई थी।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन नए रडार और ऑप्टिकल टेलीस्कोप को तैनात करके अपनी अंतरिक्ष मलबा ट्रैकिंग क्षमता को बढ़ाने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष पिंड अनुवर्तन एवं विश्वलेषण नेटवर्क परियोजना के तहत 1500 किमी की रेंज वाला स्पेस मलबा ट्रैकिंग रडार और एक ऑप्टिकल टेलीस्कोप स्थापित किया जाएगा। राडार 10 सेमी से अधिक आकार की वस्तुओं का पता लगाएगा। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 1000 किलोमीटर की दूरी पर ऐसे दो राडार तैनात करेगा।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयने चार फिल्म मीडिया इकाइयों के विलय की घोषणा की है, जिसके तहत फिल्म डिवीजन, फिल्म समारोह निदेशालय, भारतीय राष्ट्रीय फिल्म, संग्रह और बाल चित्र समिति को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में मिलाया जाएगा। यह निर्णय बिमल जुल्का के नेतृत्व वाली विशेषज्ञ समिति की फिल्म मीडिया इकाइयों के युक्तिकरण और विलय पर रिपोर्ट के अनुरूप है।
- सरकार ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के कुछ हिस्सों से सेना को स्पेशल पावर देने वाले कानून AFSPA को हटाने का फैसला किया है। इन तीन राज्यों में असम, नागालैंड और मणिपुर हैं। नागालैंड के सात जिलों के 15 पुलिस थाना क्षेत्रों से मणिपुर के छह जिलों में 15 पुलिस थाना क्षेत्र और असम के 23 जिलो से पूरी तरह जबकि एक जिले से आंशिक रूप से अफस्पा हटाया जा रहा है। यहाँ लंबे समय से अपस्पा को हटाए जाने की मांग चल रही थी।
- वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2022-23 की तिमाही 1 (अप्रैल-जून 2022) के लिए छोटी बचत योजनाओं या डाकघर योजनाओं पर ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। अप्रैल-जून 2022 के लिए विभिन्न उपकरणों पर ब्याज दरें 4.0 प्रतिशत से 7.6 प्रतिशत तक हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सरकार तिमाही आधार पर छोटी बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को अधिसूचित करती है। यह लगातार आठवीं तिमाही है जब छोटे बचत साधनों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहीं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में 3 फीसदी से 34% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, जो कि मूल वेतन/पेंशन के मौजूदा 31 फीसदी की दर से अधिक है। मूल्य वृद्धि की भरपाई के लिए घोषित बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2022 से प्रभावी होगी।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर और तेज करने यानी RAMP (Rising and Accelerationg MSME Performance) योजना को मंजूरी दी है, जिसकी शुरूआत वित्त वर्ष 2022-23 में होगी। यह यू.के सिन्हा समिति के.वी कामथ समिति तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप है। भारतीय रिजर्व बैंक ने MSME क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता हेतु दीर्घकालिक उपायों का सुझाव देने के लिए वर्ष 2019 में यू.के. सिंहा की अध्यक्षता में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।
- अल रिहला फीफा विश्व कप कतर 2022 के लिए आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण एडिडास द्वारा किया गया है। यह एडिडास की 14वीं विश्व कप गेंद है और इसे सबसे तेज खेल गति को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, क्योंकि यह किसी भी अन्य विश्व कप गेंद की तुलना में हवा में तेज उड़ान भरती है।
- डोगरा रेजिमेंटल सेंटर फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित एक अद्भभुत रंग प्रस्तुति परेड के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल एम एम नरवणे ने डोगरा रेजिमेंट की दो बटालियनों, अर्थात 20 डोगरा और 21 डोगरा को प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट्स कलर्स दिए।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस (International Mine Awareness Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 अप्रैल (B) 3 अप्रैल
(C) 4 अप्रैल (D) 6 अप्रैल

**(C)** प्रत्येक वर्ष 4 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लैंडमाइंस की वजह से पैदा हुए खतरे से सुरक्षा प्रदान करने, स्वास्थ्य और जीवन से संबंधित परेशानियों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। 8 दिसंबर 2005 को महासभा ने घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष 4 अप्रैल को खदान जागरूकता और खदान कार्य सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह पहली बार 2006 को मनाया गया था।

**2. हाल ही में किस बैंक ने ग्राहक ऑनबोर्डिंग को डिजिटाइज करने के लिए Kwik.ID के साथ भागीदारी की ?**

(A) एक्सिस बैंक (B) बैंक ऑफ बड़ौदा
(C) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने पूरे भारत में अपने नेटवर्क के लिए डिजिटल नो योर कस्टमर वीडियो केवाईसी औ ईकेवाईसी को लागू करने के लिए आईडी के साथ भागीदारी की। साझेदारी का उद्देश्य निर्बाध ऑनबोर्डिंग लाना और पूरे भारत में ग्राहकों को कुशल डिजिटल सुविधाएं प्रदान करना है।



**3. BBC इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2021 पुरस्कार किसने जीता ?**

(A) सुनीता शर्मा (B) मीराबाई चानू
(C) झूलन गोस्वामी (D) मिताली राज

**(B)** BBC इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2021 का पुरस्कार मीराबाई चानू ने जीता है। चानू ने पिछले साल इतिहास रच दिया जब वह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोतोलक बनी। चानू ने 2017 विश्व चैंपियनशिप अनाहेम में 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था और उसके बाद 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।



**4. हाल ही में भारत और किस देश की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास वरूण 2022 का आयोजन किया गया ?**

(A) फ्रांस (B) जापान
(C) अमेरिका (D) श्रीलंका

**(A)** भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास वरूण का आयोजन किया गया है। इस वर्ष यह इस अभ्यास का 20वां संस्करण था। इस अभ्यास में दोनों देशों की नौसेनाओं के जहाजों, पनडुब्बियों, समुद्री गश्ती विमानों, लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों सहित विभिन्न टुकड़ियों ने भाग लिया।




**5. छुआछुत को मिटाने के लिए विनय समरस्य योजना (Vinya Samarasya Yojana) को किस राज्य की सरकार ने शुरू किया है ?**

(A) छत्तीसगढ़ (B) बिहार
(C) कर्नाटक (D) आंध्रप्रदेश

**(C)** छुआछुत को मिटाने के लिए विनय समरस्य योजना को कर्नाटक सरकार द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुरू किया गया है। विनय समरस्य योजना का नाम विनय नाम के तीन साल के दलित लड़के के नाम पर रखा गया है। यह बच्चा सितंबर 2021 में कोप्पल जिले के एक गांव में बारिश से बचने के लिए मंदिर में चला गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसके परिवार पर 25,000 रूपये का जुर्माना लगाया था।

**6. हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण हेतु अमेरिका में सब्सिडी के रूप में कितने बिलियन डॉलर प्रदान करने के बिल को अपनी मंजूरी दे दी है ?**

(A) 11 बिलियन डॉलर (B) 32 बिलियन डॉलर
(C) 42 बिलियन डॉलर (D) 52 बिलियन डॉलर

**(D)** हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण हेतु अमेरिका में सब्सिडी के रूप में 52 बिलियन डॉलर प्रदान करने के बिल को अपनी मंजूरी दे दी है। उद्योग व्यापी चिप्स की कमी ने अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव उद्योगों में उत्पादन को बाधित कर दिया है। अमेरिका में सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए अन्य देशों पर निर्भरता कम करने की मांग बढ़ रही है।



**7. अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच (Head Coach) कौन बने है ?**

(A) गैरी कर्स्टन (B) ग्राहम थोर्प
(C) स्टुअर्ट लॉ (D) पॉल कॉलिंगवुड

**(B)** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज और कोच ग्राहम थोर्प अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच (Head Coach) बने है। ग्राहम थोर्प स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले थॉर्प को साउथ अफ्रीका के लांस क्लूजनर की जगह पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**8. भारतीय वायु सेना ने किस भारतीय महारत्न कंपनी के साथ ईधन के साथ ईधन भरने के लिए फ्लीट कार्ड-फ्यूल ऑन मूव नामक नई पहल को शुरू किया है ?**

(A) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नई दिल्ली)
(B) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मुंबई)
(C) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (नई दिल्ली)
(D) हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (मुंबई)

**(A)** भारतीय वायु सेना ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अपने वाहनों को लॉजिस्टिक सुविधाएं प्रदान कराने के उद्देश्य से फ्लीट कार्ड फ्यूल ऑन मूव पहल की शुरूआत की है। इसकी मदद से अब फ्लीट कार्ड्स के साथ वायु सेना के वाहन देश भर में किसी भी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पम्प से ईधन भरवा सकेंगे।




**9. हाल ही में शोधकर्ताओं के एक समूह द्वारा किस देश में किये गए अध्ययन के मुताबिक पहली बार मानव रक्त में माइक्रोप्लास्टिक नामक प्लास्टिक के छोटे कणों का पता चला है ?**

(A) रूस (B) ईरान
(C) नीदरलैंड (D) जर्मनी

**(C)** नीदरलैंड में शोधकर्ताओं के एक समूह द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार पहली बार मानव रक्त में माइक्रोप्लास्टिक नामक प्लास्टिक के छोटे कणों का पता चला है। शोधकर्ताओं ने मौजूदा तकनीकों को उन कणों का पता लगाने एवं उनका विश्लेषण करने के लिए अनुकूलित किया, जो आकार में 700 नैनोमीटर जितने छोटे थे।



**10. हाल ही में किस देश के फुटबॉलर मिगुएल वैन डेम का निधन हो गया ?**

(A) अमेरिका (B) बेल्जियम
(C) जापान (D) रूस

**(B)** वैन डेम को 2016 में ल्यूकेमिया का पता चला था और उनका पांच साल से अधिक समय से कैंसर का इलाज चल रहा था। अपने आठ साल के पेशेवर करियर के दौरान वैन डेम ने सेर्कल ब्रुग के लिए खेला और टीम के लिए 40 प्रदर्शन किए।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

- MSC Mathematics
- MPA Public Administration , NET
- MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
- MPS Political Science , NET Qualified
- MSO Sociology
- MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**